दिन– मंगलवार दिनांक– 20 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से दुनिया को अवगत कराने के लिए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल कल विभिन्न देशों के दौरे पर रवाना होगा।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायिक सेवा में प्रवेश स्तर के पदों के उम्मीदवारों के लिए अधिवक्ता के रूप में न्यूनतम तीन वर्ष के अनुभव को फिर से अनिवार्य बनाया।

03. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा – छब्बीस से अट्ठाईस मई तक राज्य के सभी प्रखंडों में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए चलेगा विशेष अभियान।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में प्री–मॉनसून परिस्थितियों के कारण आंधी–बारिश और वज्रपात। सुपौल में वज्रपात से दो लोगों की मौत।

---

आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से दुनिया को अवगत कराने के लिए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल कल विभिन्न देशों के दौरे पर रवाना होगा। सत्तापक्ष और विपक्ष के चुने गए सांसदों का यह प्रतिनिधिमंडल भारत की कूटनीतिक पहल का हिस्सा है। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जिनमें 59 सांसद शामिल हैं। कल से लेकर अगले महीने की पांच तारीख के बीच कई देशों का दौरा करेंगे। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व कांग्रेस सांसद शशि थरूर, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, जेडीयू नेता संजय झा, डीएमके नेता कनिमुई करूणानिधि, एनसीपी शरद पवार की सुप्रिया सुले और शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे करेंगे। प्रतिनिधिमंडल कुल 32 देशों का दौरा करेगा जिसमें अमरीका, सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत, अल्जीरिया, यूके, फ्रांस, जर्मनी, इटली, डेनमार्क, ब्राजील, कोलंबिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर शामिल हैं। दस दिवसीय दौरे के दौरान भारतीय प्रतिनिधि मंडल आतंकवाद से निपटने के लिए देश द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता से वैश्विक नेताओं को अवगत कराएगा। साथ ही वे आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत संदेश को भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय तक पहुंचाएंगे। भूपेन्द्र सिंह के साथ दिवाकर, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा बहुदलीय शिष्टमंडल में शामिल नामों पर विवाद को गैर जरूरी बताया है। श्री पासवान ने कहा कि विपक्ष को अंतरराष्ट्रीय विषयों पर विवाद नहीं करना चाहिए। इससे भारत की छवि खराब होती है।

–––बाइट–––

---

जम्मू कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में तैनात सेना के जवान भागलपुर के नवगछिया निवासी संतोष यादव शहीद हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात आतंकवादियों के खिलाफ घाटी में चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान उनकी गाड़ी एक खाई में गिर गयी। हादसे में संतोष यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गयी। सेना में हवलदार पद पर तैनात शहीद संतोष यादव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक स्थान लाए जाने की तैयारी की जा रही है।

---

सीमा सुरक्षा बल –बीएसएफ की पंजाब सीमा समेत सभी तीन संयुक्त सैन्य चौकियों– अटारी, हुसैनीवाला और सादकी पर रीट्रिट समारोह फिर शुरू हो गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस महीने की आठ तारीख को आम लोगों के लिए इसे निरस्त कर दिया गया था। आज समारोह में मीडिया कर्मियों को प्रवेश दिया गया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल से आम लोग भी समारोह में शामिल हो सकेंगे। एक रिपोर्ट..

———बाइट———

रिट्रीट समारोह को स्थगित करने का निर्णय भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के एक दिन बाद लिया गया था॰ सीमा सुरक्षा बल ने कहा है कि दोनों देशों के बीच के गेट भारतीय सीमा में बंद रहेंगे। सूर्यास्त के समय झंडा उतारने के बाद भारतीय गार्ड कमांडर और पाकिस्तान रेंजर्स के उनके समकक्ष के बीच पहले की तरह औपचारिक हाथ भी नहीं मिलाया जाएगा। साथ ही, सीमा पर लगी कंटीली तार के पार खेत वाले किसानों को अपनी जमीन जोतने की अनुमति भी दे दी गई है। इस संबंध में बीएसएफ ने पंजाब सीमा पर विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे किसानों के साथ बैठकें की हैं, जो अपनी जमीन पर खेती करना चाहते हैं और कड़ी निगरानी और सीमित समय के लिए उन्हें अनुमति दे दी गई है। राजेश बाली, आकाशवाणी समाचार, जालंधर।

---

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, पूरा देश जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर–चक्र विजेता मेजर नायब सूबेदार बाना सिंह के अदम्य साहस का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

जम्मू जिले के निवासी, नायब सूबेदार बाना सिंह, जनवरी 1969 में आठ जम्मू–कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री में भर्ती हुए थे। जून 1987 में आठ जम्मू–कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री को सियाचिन क्षेत्र में तैनात किया गया था। बड़ी संख्या में पाकिस्तानी घुसपैठिये इस इलाके में घुस आए थे। इन घुसपैठियों को खदेड़ना जरूरी था और इसके लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया। नायब सूबेदार बाना सिंह ने

स्वेच्छा से फोर्स में शामिल होने की पेशकश की। पाकिस्तानी घुसपैठ छह हजार पांच सौ मीटर की ऊंचाई पर हुई थी। यह जगह वस्तुतरू एक अवैध ग्लेशियर किला थी, जिसके दोनों ओर चार सौ 57 मीटर ऊंची बर्फ की दिवारें थी। नायब सूबेदार बाना सिंह अपनी टीम के साथ बेहद मुश्किल और खतरनाक रास्ते से उस जगह पहुंचते हुए, दुश्मन पर हमला किया और उसे घेर लिया। हथ गोले फेंकते हुए, हमला करते हुए, उन्होंने सभी घुपैठियों को खदेड़ दिया। उन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से अपनी टीम को प्रेरित किया। प्रतिकूल परिस्थितियों में असाधारण वीरता और नेतृत्व के लिए नायब सूबेदार बाना सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उनकी बहादूरी को सलाम करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि विकास दर को पांच प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखना आवश्यक है। श्री चौहान ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रखा है।

---बाइट--- .

---

सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायिक सेवा में प्रवेश स्तर के पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिवक्ता के रूप में न्यूनतम तीन वर्ष के अनुभव को फिर से अनिवार्य बना दिया है। अनुभव की अवधि की गणना उम्मीदवार के अधिवक्ता के रूप में प्रोविजनल रूप से पंजीकृत होने की तारीख से की जा सकती है। अनुभव की यह अनिवार्य योग्यता आज की तिथि से पहले उच्च न्यायालयों द्वारा शुरू की जा चुकी भर्ती प्रक्रिया पर लागू नहीं होगी। यह केवल भविष्य की भर्तियों पर लागू होगी।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि छब्बीस से अट्ठाईस मई तक राज्य के सभी प्रखंडों में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा। श्री पांडेय ने पटना के बापू टावर में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

---बाइट---

---

गन्ना उद्योग मंत्री कृष्ण नंदन पासवान ने कहा है कि राज्य में गुड़ इकाई लगाने की लाईसेंस प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गयी है। श्री पासवान पटना में ऑनलाइन लाईसेंसिंग पोर्टल के शुभारंभ के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बंद चीनी मिलों को चालू करने के लिए सरकार प्रयासरत है।

---

राज्य के अधिकतर भागों में प्री–मॉनसून परिस्थितियों के कारण आंधी–बारिश का सिलसिला जारी है। कुछ स्थानों पर वज्रपात की घटना भी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, रोहतास, औरंगाबाद, गया समेत राज्य के विभिन्न भागों में आंधी–बारिश की संभावना है। वहीं, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

–––बाइट–––

इधर, सुपौल जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में आज वज्रपात की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। जिले के करजाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत बौराहा में एक अधेड़ व्यक्ति, जबकि त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर मलहनमा में एक युवक की मौत हो गयी। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार ने खराब मौसम के दौरान लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की है।

---

बेगूसराय में स्पेशल टास्क फोर्स ने मुठभेड़ के बाद कुख्यात अपराधी रणवीर महतो को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से रणवीर महतो घायल हो गया। पुलिस ने पकड़े गए अपराधी के पास से हथियार और कारतूस बरामद किया है।

---

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ की महिला उप–निरीक्षक गीता समोटा ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया है। वह ऐसा करने वाली सीआईएसएफ की पहली अधिकारी हैं। सीआईएसएफ ने कहा है गीता समोटा की उपलब्धि सीआईएसएफ के साथ ही पूरे देश के लिए गौरव की बात है। सुरक्षा बल ने

कहा है कि गीता ने सिर्फ माउंट एवरेस्ट को ही फतह नहीं किया है बल्कि उस सोच पर भी जीत पाई है जिसमें यह माना जाता रहा है कि पर्वतारोहण जैसा क्षेत्र महिलाओं के लिए नहीं है।

---

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित श्यामल सिन्हा अंडर–16 वनडे क्रिकेट ट्रॉफी में नालंदा ने गया को छह विकेट से पराजित कर दिया है। बिहार शरीफ में खेले गये मुकाबले में गया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चौवालीस दशमलव चार ओवर में सभी विकेट खोकर एक सौ सड़सठ रन बनाये। नालंदा ने इकतालीस दशमलव पांच ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। नालंदा की ओर से अगस्त्य प्रमोद कुमार ने एक सौ अट्ठाईस गेंदों में ग्यारह चौकों की मदद से नाबाद चौहत्तर रन बनाये।

---

बिहार अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने समस्तीपुर सदर अस्पताल के हेल्थ मैनेजर विश्वजीत रामानंद को शव वाहन के चालक जयराम सिंह से चार हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

---

मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहिया चौक के पास एक बस और पिकअप वाहन के बीच भीषण टक्कर में बस पर सवार आठ लोग घायल हो गए।

---

कैमूर जिले के भभुआ में अपराधियों ने पेट्रोल पम्प कर्मी मनोज बैठा की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्यारे ने बाद में भभुआ थाने में सरेंडर कर दिया। इधर, मृतक के परिजनों ने हत्याकांड के खिलाफ अस्पताल परिसर में हंगामा किया।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में जंगल से भटककर एक भालू नौरंगिया के केरई गांव में पहुंच गया। वाल्मिकी टाईगर रिजर्व के वन कर्मियों ने भालू का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से दुनिया को अवगत कराने के लिए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल कल विभिन्न देशों के दौरे पर रवाना होगा।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायिक सेवा में प्रवेश स्तर के पदों के उम्मीदवारों के लिए अधिवक्ता के रूप में न्यूनतम तीन वर्ष के अनुभव को फिर से अनिवार्य बनाया।

03. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा – छब्बीस से अट्ठाईस मई तक राज्य के सभी प्रखंडों में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए चलेगा विशेष अभियान।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में प्री–मॉनसून परिस्थितियों के कारण आंधी–बारिश और वज्रपात। सुपौल में वज्रपात से दो लोगों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।